NOT APPROVED

# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 18 मार्च, 2016/28 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].

**कुल प्रश्न - 14**

----

### सिविल अस्पताल बन्जार

*2978 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सिविल अस्पताल बन्जार के लिए नया भवन बनाया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस दिशा में क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें;

(ग) भवन का नक्शा व प्राक्कलन क्या बना दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो इसकी अनुमानित लागत कितनी है व इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

### जल परीक्षण स्टाफ

*2979 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल टैस्टिंग का कार्य निजी संस्थाओं के माध्यम से करवाया जा रहा है;

(ख) यह भी सत्य है कि विभाग में वाटर टैस्टिंग स्टाफ के अनेकों पद रिक्त हैं; और

NOT APPROVED

(ग) यदि हां, तो सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## Health Institutions

***2980 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Sh. Jai Ram Thakur(Seraj) :**
**Sh. B.K. Chauhan(Chamba) :**
**Sh. Mahender Singh(Dharampur) :**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many health institutions of all categories are there in the State; details be given district-wise;

(b) how many posts of all categories are there in these institutions; details be given district-wise;

(c) how many posts of all categories are lying vacant and since when; and

(d) how many posts of doctors are lying vacant in Dalhousie Constituency (Institution-wise) and since when?

NOT APPROVED

----

## निर्माणाधीन विश्राम गृह

***2981 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में वन-मण्डल सुकेत के अन्तर्गत कितने विश्राम गृह निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा विश्राम गृहों के नाम व प्रस्तावित कमरों की संख्या सहित दें; और

(ख) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान इन विश्राम गृहों के लिए कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया और कितनी-कितनी धनराशि इन पर खर्च की गई; ब्यौरा विश्राम गृहवार दें?

----

## Trauma Centres

***2982 Sh. Kuldip Kumar (Chintpurni):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Trauma Centres are functioning in the State; details be given; and

NOT APPROVED

(b) whether the Government plans to open new Trauma Centres in the State?

----

**लगाम पथ**

***2983 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला बिलासपुर की विभिन्न वन रेंजों में कितने Bridle Path बने हैं; और

(ख) इनके रख-रखाव हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

**कर्मचारियों की पदोन्नति**

***2984 श्री खूब राम (आनी)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत 7 से 15 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके कितने Complaint Attendants/Clerks हैं जिन्हें अभी तक कोई वित्तीय लाभ नहीं मिला है; और

(ख) सरकार इन्हें कब तक पदोन्नत करने का विचार रखती है; सूचना सभा पटल पर रखें ?

----

**मशीनरी क्रय हेतु धनराशि**

***2985 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2016 तक राजकीय आयुर्वेद फार्मेसी जोगिन्द्रनगर को नई मशीनरी क्रय करने हेतु कितनी धनराशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई तथा उसमें से कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा सभा पटल पर रखें; और

(ख) इसमें से कितनी धनराशि कब से अप्रयुक्त (unspent) पड़ी है; ब्यौरा कारणों सहित सभा पटल पर रखें?

----

NOT APPROVED

## बोर वैल

***2986 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में होटल व्यवसायियों, निजी पाठशालाओं और उद्योगों द्वारा पेयजल हेतु बोर वैल लगाए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार से बोर वैल लगाने हेतु अनुमति ली गई; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा क्या अनुमति देने हेतु नियम बनाए गए हैं; यदि हां, तो नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## पट्टे पर भूमि

***2987 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कोटला-बरोग में निजी भूमि पट्टे पर दी गई है; यदि हां, तो कब, कितने वर्षों के लिए व कितनी लागत पर दी गई; और

(ख) यह भूमि किस संस्थान/व्यक्ति को किस कार्य के लिए दी गई; ब्यौरा दें ?

NOT APPROVED

----

## नलकूपों की स्थापना

***2988 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में जिला ऊना के अंतर्गत गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने सिंचाई और पेयजल के नलकूप लगाए गए हैं तथा कितने नलकूपों का कार्य लम्बित है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## चिकित्सकों के स्वीकृत पद

***2989 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धर्मपुर में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## गत्ता फैक्ट्री

*2990 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन निगम द्वारा चलाई गई गत्ता फैक्ट्री को सरकार पुनः शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## अवैध कब्जा

*2991 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बद्दी के भटौली कलां में चल रही V.V.F. कम्पनी द्वारा गांव भटौली कलां के बच्चों के खेल मैदान (सरकारी भूमि) पर अवैध कब्जा किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तहसीलदार बद्दी द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई?

----

**शिमलाः** 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 2 मार्च, 2016.** **सचिव।**

NOT APPROVED